नवभारत

छत्तीसगढ*ओडिशा

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत की गई साफ–सफाई

<u>नवभारत रिपोर्टर, खैरागढ़</u>

खैरागढ जिला मुख्यालय में स्वछता ही सेवा पखवाड़ा के तहत एक घंटा एक तारीख, एक साथ अभियान के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया, एक अक्टूबर को नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में मेगा सफाई अभियान का आयोजन किया गया, जिले में स्वछता कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 से 11 बजे तक एक घंटे किया गया जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी–कर्मचारियों, महिला समूहों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ छात्र–छात्राओं, ट्रेडर्स एसोसिएशन, स्कूल और कॉलेज के विभिन्न सरकारी एजेंसियों ने भी अभियान में बढ़ –चढ़कर हिस्सा लिया,अभियान को सार्थक बनाने प्रत्येक वार्ड के लिये नोडक अधिकारी भी नियुक्त किये गये थे, नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के संबंधित अधिकारी ने बताया कि पालिका का लक्ष्य समस्त नगरीय निकाय में प्रत्येक स्थलों की स्वछता पर फोकस कर स्वछता मानकों को प्राप्त करना है, अभियान में ठोस, कूड़ा प्रबेधन, सेंट्रल वर्ज, मलबा हटवाना, पार्कों, प्रतिष्ठानों और नगर पालिका स्टोर की सफाई करना शामिल है, इस अभियान के उद्देश्य को पूर्ति के लिये समुचित रूप से मानव संसाधन और उपयोगी मशीनरी को तैनात किया गया, उन्होंने बताया कि इस मेगा उत्सव की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि समस्त नगरीय निकायों के अनेक स्थानों पर एक साथ चलाये जा रहे एक घंटे के स्वछता अभियान में घर–घर से कचरा संग्रहण जैसे नियमित स्वछता कार्य प्रभावित न हो इसकी पूरी व्यवस्था की गई थी, इस अवसर पर पखवाड़े के तहत चयनित सड़कों के अलावा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, व्यवहार न्यायलय, कलेक्टर भवन एवं मुख्य मार्गों की भी सफाई की गई.